# ब्रेन इंटरनेशनल स्कूल

**आदर्श प्रश्नपत्र 1 (2025-26)**

**विषय-हिंदी**

| **समय- 3 घंटे** | **कक्षा – 10** | **अधिकतम अंक-80** |
|---|---|---|

**सामान्य निर्देश-**

1. **प्रश्न पत्र में चार खंड दिए गए हैं तथा 16 प्रश्न हैं। सभी प्रश्न करना अनिवार्य है**
2. **खंड –क (अपठित बोध ) 1-1 अंक के छह बहुविकल्पीय प्रश्न तथा 2-2 अंक के चार प्रश्न**
3. **खंड –ख (व्याकरण ) 1-1 अंक के सोलह प्रश्न**
4. **खंड –ग (पाठ्यपुस्तक) 1-1 अंक के दस प्रश्न ,2-2 अंक के छह प्रश्न तथा 3-3 अंक के दो प्रश्न**
5. **खंड –घ (रचनात्मक लेखन) 5अंक के तीन प्रश्न , 4 अंक का एक प्रश्न तथा 3 अंक का एक प्रश्न**

**खंड 'क'**

**(अपठित बोध)**

**प्रश्न 1. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए-(7)**

कार्य करने की क्षमता को योग्यता कहते हैं। यह सभी जीवों में किसी न किसी रूप में अवश्य विद्यमान रहती है। यही व्यक्ति की कार्य क्षमता का प्रमाण होती है। विविध शैक्षिक संसाधनों के माध्यम से इसे अर्जित और विस्तारित किया जा सकता है। सामाजिक उत्थान और देश की प्रगति के लिए योग्य एवं ईमानदार नागरिकों की आवश्यकता होती है। इस हेतु उत्कृष्ट शैक्षिक योजना का क्रियान्वयन आवश्यक है। शिक्षा व्यक्ति में गुणवत्ता का आद्यान कर योग्यता का निर्धारण करती है। पारिवारिक पृष्ठभूमि उसे मजबूत आधार प्रदान करती है। बच्चे में इसके प्रकटीकरण का आभास सर्वप्रथम माता-पिता को होता है। वही उसकी योग्यता को परखकर तद्नुरूप उत्तरदायित्व सौंपने के लिए उत्तरदायी होते हैं। इससे कार्य के प्रति निष्ठा जागृत होती है और कार्यसिद्धि अवश्यंभावी हो जाती है अन्यथा असफल होने पर जीवन में अवसाद का प्रवेश होता है, जिससे होने वाली सामाजिक एवं राष्ट्रीय क्षति का अनुमान भी नहीं लगाया जा सकता। महाराज दशरथ और रानी कैकेयी इसके उत्कृष्ट उदाहरण हैं। योग्यता की परख न होने से जहाँ महाराज दशरथ राम को अवध का राज्य देने का मोह सँवरण नहीं कर पाते। वहीं कैकेयी राम एवं भरत दोनों की योग्यताओं को पहचानती हैं। उन्हें सम्यक ज्ञान था कि भरत में भी अयोध्या का राज्य सँभालने की योग्यता है, किंतु राम अधर्मी राक्षसों का संहार कर संपूर्ण जगत का मंगल कर सकते हैं। इसीलिए दुनिया में होने वाली अपकीर्ति की परवाह न करके भी भरत के लिए अवध का राज्य तथा राम के लिए वनवास की याचना की। अतः संतान को जन्म देना ही माता-पिता का कर्तव्य नहीं है। योग्य नागरिक बनाकर योग्यतानुसार राष्ट्र निर्माण में नियोजित करना उससे बड़ा दायित्व है।

(1) व्यक्ति की कार्यक्षमता का प्रमाण होता है 1

(क) शक्ति (ख) योग्यता (ग) शिक्षा (घ) कौशल

(2) उत्कृष्ट शैक्षिक योजना की आवश्यकता क्यों होती है ? 1

(क) संसाधन के विकास हेतु
(ख) शिक्षा के प्रसार हेतु
(ग) व्यक्तित्व निर्माण हेतु
(घ) योग्यता निर्धारण हेतु

(3) निम्नलिखित कथन और कारण पर विचार करते हुए उपयुक्त विकल्प चुनिए-1

कथन : कैकेयी महाराज दशरथ से अधिक बुद्धिमान थी।
कारण : वह राम और भरत की योग्यताओं को अच्छी तरह जानती थी।
(क) कथन सही है लेकिन कारण गलत है।
(ख) कथन और कारण दोनों सही हैं।
(ग) कथन गलत है और कारण सही है।
(घ) कथन और कारण दोनों गलत हैं।
(4) देश की प्रगति के लिए योग्य एवं ईमानदार नागरिकों कीआवश्यकता क्यों होती है ? (2)
(5) महाराज दशरथ और रानी कैकेयी के उदाहरण से आप क्या समझते हैं ? (2)

**प्रश्न 2. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर उस पर आधारित पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए- (7)**

दीप प्रज्ज्वलन आदि संस्कृतियों का अभिन्न अंग रहा है। धार्मिक अनुष्ठान किसी भी पंथ का अंग रहा है। धार्मिक अनुष्ठान किसी भी पंथ का हो, दीप प्रज्ज्वलन के बिना आज भी संपन्न नहीं माना जाता। दीपावली और गुरुनानक जयंती, हमारे दो प्रमुख दीप पर्व हैं। जगमगाते आवासीय और कार्य परिसर जनमानस के हर्षोल्लास की अभिव्यक्ति देते हैं, उनमें आशा एवं उत्साह का संचार करते हैं। आवासीय, शैक्षिक, औद्योगिक भवन यहां तक कि नाभिकीय संयंत्र का शिलान्यास या किसी भी कोटि की संगोष्ठी का उद्‌घाटन हम अनिवार्यतः दीया जला कर करते हैं। प्रज्ज्वलित दीप से परिवेश की नकारात्मकता निराकृत होती है, वातावरण शुद्ध होता है, दैविक शक्तियों का आगमन आसान होता है। अधिसंख्य व्यक्ति क्लेश, विवाद और भ्रांतियों से इसलिए त्रस्त हैं. चूंकि उन्हें जीवन के परम उद्देश्य और इसकी अधिप्राप्ति के आवश्यक साधनों और विधियों का ज्ञान नहीं है। उद्देश्य की स्पष्टता से सुसंगत सोच और उसी अनुरूप संगत निर्मित करेंगे तो अभीष्ट की प्राप्ति आवश्यक होगी। प्रकाश ज्ञान और देवत्व का प्रतीक है। अंधकार कितना भी हो, एक जलते दिये से लुप्त हो जाता है। अंधकार रूपी अज्ञान को मिटाने में दीपक की भूमिका निर्विवाद है। यह दीपक उस सद्‌बुद्धि और विवेक का है, जो एक ओर व्यक्ति की प्रभु से निकटता स्थापित करता है और दूसरों को सन्मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। आवरण धोखा दे सकता है। बाह्य चमक-दमक और लीपापोती की आतुरता में अंतःकरण की उपेक्षा हो सकती है। अपने मूल दैनिक रूप की पहचानें निखारते रहें, तो जीवन सार्थक हो जाएगा।

(1) अंधकार को किसके समान बताया गया है ? 1
(क) मूर्खता
(ख) अज्ञान
(ग) क्लेश
(घ) निराशा
(2) प्रकाश को देवत्व का प्रतीक क्यों कहा गया है ? 1
(क) प्रकाश फैलाने से
(ख) सद्‌बुद्धि के प्रसार से
(ग) अंधकार को दूर करने से
(घ) भगवान की आरती करने से
(3) निम्नलिखित कथन और कारण पर विचार करते हुए उपयुक्त विकल्प चुनिए-1
कथन : किसी भी संगोष्ठी का उद्‌घाटन दीया जला कर होता है।
कारण : दीप प्रज्ज्वलन से वक्ता में आशा और उत्साह का संचार होता है।
(क) कथन सही है लेकिन कारण गलत है।
(ख) कथन और कारण दोनों सही हैं।
(ग) कथन गलत है और कारण सही है।
(घ) कथन और कारण दोनों गलत हैं।
(4) जीवन की सार्थकता से आप क्या समझते हैं ? (2)
(5) दीपक की भूमिका को स्पष्ट कीजिए। (2)

## खंड 'ख'
## (व्यावहारिक व्याकरण)

प्रश्न 3. 'पदबंध' पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए-(4 x 1 = 4)

(क) 'सर्वनाम पदबंध' का प्रयोग करते हुए एक वाक्य बनाइए।

(ख) यह लड़का हमेशा कोई न कोई शरारत करता रहता है।
रेखांकित का पदबंध बताइए।

(ग) क्रियाविशेषण पदबंध का एक उदाहरण देकर वाक्य में प्रयोग कीजिए।

(घ) तलवार की सीध में धरती फटती ही जा रही थी वाक्य में रेखांकित पदबंध की पहचान कीजिए।

(ङ) पास में एक सुंदर और शक्तिशाली युवक रहा करता था पदबंध को चुनकर लिखिए।

प्रश्न 4. 'रचना के आधार पर वाक्य रूपांतरण' पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए- (4 x 1 = 4)

(क) मेरे भाई साहब मुझसे पाँच साल बड़े थे लेकिन केवल तीन दरजे आगे -
वाक्य का भेद लिखिए।

(ख) फिर सालाना इम्तिहान हुआ और कुछ ऐसा संयोग हुआ कि मैं फिर पास हुआ -
वाक्य-भेद लिखिए।

(ग) जब अविनाश बाबू ने झंडा गाड़ा तब पुलिस ने उनको पकड़ लिया-
संयुक्त वाक्य में रूपांतरित कीजिए।

(घ) जो बात उनकी जिंदगी में थी वही उनके गीतों में थी- यह मिश्र वाक्य कैसे है ?

(ङ) सरल वाक्य का एक उदाहरण लिखकर उसे स्पष्ट भी कीजिए।

प्रश्न 5. 'समास' पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए-(4x1=4)

(क) राम भी तुम, तुम ही लक्ष्मण साथियों पंक्ति में प्रयुक्त राम, लक्ष्मण से सामासिक पद बनाकर भेद लिखिए।

(ख) 'करुणाकर' सामासिक पद में प्रयुक्त पूर्वपद और उत्तरपद अलग कर समास का नाम लिखिए।

(ग) 'अनाथ' का सामासिक विग्रह कर समास का नाम लिखिए।

(घ) कर्मधारय समास के किसी एक उदाहरण का वाक्य प्रयोग कीजिए।

(ङ) 'त्रिभुज' का सामासिक विग्रह कर समास का नाम लिखिए।

प्रश्न 6. 'मुहावरे' पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए - (4×1=4)

(क) भाई साहब का रूद्र-रूप देखकर……….जाते।
(उपयुक्त मुहावरे द्वारा रिक्त स्थान को भरिए)

(ख) 'हक्का-बक्का रह जाना' मुहावरे का वाक्य में प्रयोग कीजिए।

(ग) 'आँखों में धूल झोंकना' तथा 'आँखों में बसाना' मुहावरे में अंतर स्पष्ट कीजिए।

(घ) 'फिल्म की संवेदना किसी दो से चार बनाने का गणित जानने वाले की समझ से परे थी।' पंक्ति से मुहावरा चुनकर वाक्य में प्रयोग कीजिए।

(ङ) गायन इतना प्रभावी था कि वह अपनी--------------- लगा।
उचित मुहावरे द्वारा रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए।

## खंड 'ग'
## (पाठ्यपुस्तक एवं पूरक पाठ्यपुस्तक)

प्रश्न 7. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सर्वाधिक उचित उत्तर विकल्प से चुनकर लिखिए- (5×1=5)

बाइबिल और दूसरे पावन ग्रंथों में नूह नाम के एक पैगंबर का जिक्र मिलता है। उनका असली नाम लशकर था, लेकिन अरब ने उनको नूह के लकब से याद किया है। वह इसलिए कि आप सारी उम्र रोते रहे। इसका

कारण एक जख्मी कुत्ता था। नूह के सामने से एक बार एक घायल कुत्ता गुजरा। नूह ने उसे दुत्कारते हुए कहा, 'दूर हो जा गंदे कुत्ते।' इस्लाम में कुत्तों को गंदा समझा जाता है। कुत्ते ने उनकी दुत्कार सुनकर जवाब दिया। न मैं अपनी मर्जी से कुत्ता हूँ, न तुम अपनी पसंद से इनसान हो। बनाने वाला सबका तो वही एक है।'

(1) 'बाइबिल' को किस प्रकार का ग्रंथ माना जाता है ?
(क) पावन
(ख) धार्मिक
(ग) नीति
(घ) न्याय

(2) 'अरब ने उनको नूह के लकब से याद किया है।' इस पंक्ति में 'लकब' का क्या अर्थ है?
(क) नाम
(ख) पदवी
(ग) पैगंबर
(घ) ग्रंथ

(3) पैगंबर से आप क्या समझते हैं ?
(क) धर्मगुरु
(ख) धर्मसेवी
(ग) धार्मिक
(घ) धर्मप्रवर्तक

(4) लशकर को नूह के नाम से क्यों याद करते हैं ?
(क) पाश्चाताप करने के कारण
(ख) गलती का अहसास करने के कारण
(ग) अफसोस में रोते रहने के कारण
(घ) कुत्ते से नफरत करने के कारण

(5) निम्नलिखित कथन और कारण पर विचार करते हुए उपयुक्त विकल्प का चयन करके लिखिए-
कथन : न मैं अपनी मर्जी से कुत्ता हूँ, न तुम अपनी पसंद से इनसान हो।
कारण : सबको बनाने वाला एकमात्र ईश्वर है।
(क) कथन तथा कारण दोनों गलत हैं।
(ख) कथन तथा कारण दोनों सही हैं।
(ग) कथन गलत है तथा कारण सही है।
(घ) कथन सही है तथा कारण गलत है।

प्रश्न 8. निर्धारित गद्य पाठों के आधार पर निम्नलिखित चार प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लगभग 25-30 शब्दों में लिखिए- (3×2=6)
(क) बड़े भाई साहब के व्यक्तित्व की विशेषताओं के बारे में लिखिए।
(ख) 26 जनवरी 1931 के दिन को अपूर्व दिन क्यों कहा गया है ? 'डायरी का एक पन्ना' पाठ के आधार पर लिखिए।
(ग) तताँरा से निकोबारियों के प्रेम करने के कारणों को स्पष्ट कीजिए।
(घ) शैलेन्द्र कवि नहीं गीतकार थे, कैसे ?

प्रश्न 9. निम्नलिखित पठित काव्यांश पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए- (5×1=5)

पावस ऋतु थी, पर्वत प्रदेश,
पल-पल परिवर्तित प्रकृति-वेश।
मेखलाकार पर्वत अपार

अपने सहस्र दृग-सुमन फाड़,
अवलोक रहा है बार-बार
नीचे जल में निज महाकार,
जिसके चरणों में पला ताल
दर्पण-सा फैला है विशाल !

(1) काव्यांश में किस ऋतु की बात की गई है ?
(क) वर्षा
(ख) ग्रीष्म
(ग) शरद
(घ) मीत

(2) तालाब की तुलना दर्पण से क्यों की गई है ?
(क) विशाल होने से
(ख) बड़ा होने से
(ग) साफ और स्थिर होने से
(घ) पारदर्शी होने से

(3) प्रकृति के स्वरूप में पल-पल परिवर्तन क्यों हो रहा है ?
(क) बादल के कारण
(ख) वर्षा के कारण
(ग) धूप के कारण
(घ) वर्षा ऋतु के कारण

(4) पर्वत बार-बार अपने को क्यों देख रहा है ?
(क) सुंदर होने से
(ख) फूल खिलने से
(ग) अविश्वास के कारण
(घ) उत्साहित होने से

(5) निम्नलिखित कथन और कारण पर विचार करते हुए उपयुक्त विकल्प का चयन करके लिखिए-
कथन : पर्वत अपने रूप पर मुग्ध हो रहा है।
कारण : नीचे जमे जल में स्वरूप दिखाई दे रहा है।
(क) कथन सही है, किंतु कारण गलत है।
(ख) कथन गलत है, किंतु कारण सही है।
(ग) कथन सही है और कारण कथन की सही व्याख्या है।
(घ) कथन सही है किंतु कारण कथन की सही व्याख्या नहीं है।

प्रश्न 10. निर्धारित कविताओं के आधार पर निम्नलिखित बार प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लगभग 25-30 शब्दों में लिखिए- (3x2=6)
(क) मीरा कृष्ण का चाकर क्यों बनना चाहती है ?
(ख) कंपनी बाग में रखी तोप सैलानियों से क्या कहती है ?
(ग) कवि कैफ़ी आज़मी ने जिन्दा रहने के समय से मौत के क्षण को अधिक महत्वपूर्ण क्यों माना है?
(घ) 'आत्मत्राण' कविता एक अलग भाव की कविता है, कैसे ?

प्रश्न 11. पूरक पाठ्यपुस्तक 'संचयन' के निर्धारित पाठों पर आधारित निम्नलिखित तीन प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 40-50 शब्दों में लिखिए- (2×3=6)
(क) 'दोस्ती के लिए समान उम्र का होना आवश्यक नहीं होता' इस कथन के पक्ष में 'हरिहर काका' पाठ के आधार पर विचार व्यक्त कीजिए।

(ख) बच्चों की पढ़ाई को लेकर अभिभावक उदासीन थे 'सपनों के-से दिन' पाठ के आधार पर कथन की समीक्षा कीजिए।

(ग) 'टोपी शुक्ला' की कहानी में इफ्फ़न की कहानी को जानना क्यों आवश्यक है ?

## खंड 'घ'

## (रचनात्मक लेखन)

प्रश्न 12 निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर दिए गए संकेत-बिंदुओं के आधार पर लगभग 120 शब्दों में एक अनुच्छेद लिखिए- (5)

**(1) स्वास्थ्य और मोटा अनाज**

- स्वास्थ्य का महत्त्व
- स्वस्थ रखने में भूमिका
- मोटा अनाज क्या है ?

**(2) महानगर में स्वच्छ हवा का संकट**

- महानगर क्या है ?
- स्वास्थ्य और जीवन पर प्रभाव
- स्वच्छ हवा की आवश्यकता

प्रश्न 13. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 100 शब्दों में एक औपचारिक पत्र लिखिए- (5)

(क) आप भरत/भारती हैं। विद्यालय में 'भाषा क्लब' बनाने के लिए प्रधानाचार्य को पत्र लिखिए।

अथवा

(ख) आप हरियाणा के रोहतक जिले के सामना गाँव के निवासी हैं। गाँव के लोग स्वच्छता के संदर्भमें सभा करने वाले हैं। इसकी जानकारी देते हुए किसी राष्ट्रीय दैनिक समाचारपत्र के संपादक को पत्र लिखिए।

प्रश्न 14. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 60 शब्दों में सूचना लिखिए- (4)

(क) आप अनुभव/अनुभा हैं। आप अपने स्कूल के 'हिन्दी भाषा विकास मंच' के सचिव हैं। आपके स्कूल में 'अन्तर्विद्यालयी भाषण प्रतियोगिता' का आयोजन किया जा रहा है। सभी विद्यार्थियों को सूचित करने के लिए एक सूचना तैयार कीजिए।

अथवा

(ख) आप सर्वोदय सोसाइटी के सचिव हैं। आपकी सोसाइटी में एक सप्ताह तक गंगाजल का आना बंद रहेगा। इसकी जानकारी देते हुए एक सूचना लिखिए।

प्रश्न 15. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 40 शब्दों में आकर्षक विज्ञापन तैयार कीजिए (3)

(क) आपसे 'अवनी प्रकाशन' के प्रबंधक ने एक विज्ञापन बनाने के लिए आग्रह किया है। आप इस प्रकाशन के लिए एक आकर्षक विज्ञापन तैयार कीजिए।

अथवा

(ख) एन.एच.-24 सड़क अब लाल बत्ती से मुक्त हो गई है। दिल्ली से मेरठ तक यात्रा बिना रुके पूरी की जा सकती है। आम जनता को इसकी जानकारी देते हुए एक आकर्षक विज्ञापन तैयार कीजिए।

प्रश्न 16. (क) मैं अपने घर की बालकनी में बैठा चाय पी रहा था कि अचानक तेज हवाएँ चलने लगीं------------------ पंक्ति से लगभग 100 शब्दों में लघुकथा लिखिए। (5)

अथवा

(ख) आप कार्तिक/कृतिका हैं। आपको उच्च शिक्षा के लिए 'शिक्षा-लोन' की आवश्यकता है। स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के प्रबंधक को लगभग 80 शब्दों में ई-मेल लिखकर लोन के लिए आवेदन कीजिए।

# ब्रेन इंटरनेशनल स्कूल

**आदर्श प्रश्नपत्र 2 (2025-26)**

**विषय-हिंदी**

| | | |
|---|---|---|
| **समय**- 3 **घंटे** | **कक्षा – 10** | **अधिकतम अंक-80** |

**सामान्य निर्देश-**

6. **प्रश्न पत्र में चार खंड दिए गए हैं तथा 16 प्रश्न हैं। सभी प्रश्न करना अनिवार्य है**
7. **खंड –क (अपठित बोध ) 1-1 अंक के छह बहुविकल्पीय प्रश्न तथा 2-2 अंक के चार प्रश्न**
8. **खंड –ख (व्याकरण ) 1-1 अंक के सोलह प्रश्न**
9. **खंड –ग (पाठ्यपुस्तक) 1-1 अंक के दस प्रश्न ,2-2 अंक के छह प्रश्न तथा 3-3 अंक के दो प्रश्न**
10. **खंड –घ (रचनात्मक लेखन) 5अंक के तीन प्रश्न , 4 अंक का एक प्रश्न तथा 3 अंक का एक प्रश्न**

**खंड 'क'**

**(अपठित बोध)**

**प्रश्न 1. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए-(7)**

भारतीय चिंतन में स्वास्थ्य का अर्थ 'स्व' में स्थित होता है। दूसरे शब्दों में एक आत्मस्थ व्यक्ति को स्वस्थ कहा जा सकता है। जीवन का आनंद लेने के लिए स्वस्थ रहने की आवश्यकता है। स्वास्थ्य व्यक्ति के व्यक्तिगत एवं सामाजिक जीवन के लिए महत्त्वपूर्ण है। समाज का एक उत्पादक सदस्य होने के नाते हमें जागरूक और शरीर से क्रियाशील होने की आवश्यकता है। स्वास्थ्य मनोविज्ञान में वे मनोवैज्ञानिक कारक आते हैं जो स्वास्थ्य को बनाए रखने और उन्नत करने में सहायक होते हैं। यह उन कारकों की भी खोज करता है जो रोग की स्थिति पैदा करते हैं। हमारी जीवन शैली और सोचने एवं व्यवहार करने के तरीके लोगों के स्वास्थ्य स्तर में योगदान करते हैं। व्यायाम, पौष्टिक भोजन लेने और धूम्रपान जैसे दुर्व्यसनों में परिवर्तन से शरीर को स्वस्थ रखा जा सकता है। स्वास्थ्य शारीरिक और मानसिक कुशलक्षेम की अवस्था को कहते हैं। यह एक सकारात्मक अवस्था है। लोगों के व्यक्तिगत तथा सामाजिक जीवन में स्वास्थ्य का केन्द्रीय स्थान है। आज की दुनिया में लोगों के गुणात्मक जीवन को चारों ओर से चुनौतियों का सामना करना पड़ता है जिसका परिणाम लोगों का गिरता स्वास्थ्य है। एक ओर बाहरी पर्यावरण बड़ी तेजी से बदल रहा है। इससे अनेक पर्यावरणीय तनावों से सफलतापूर्वक निपटने की आवश्यकता है। सामाजिक संरचना में आए बदलाव जैसे परिवार और अन्य सामाजिक संस्थाओं का विघटन, प्रतिस्पर्धा और उपभोक्तावादी संस्कृति द्वंद्व और असहयोग को बढ़ावा प्रदान कर स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव डाल रही है।

(1) गद्यांश के अनुसार व्यक्तिगत एवं सामाजिक जीवन के लिए महत्त्वपूर्ण है-

(क) धन (ख) संघर्ष (ग) स्वास्थ्य (घ) परिश्रम

(2) 'समाज का उत्पादक सदस्य होने से' क्या अभिप्राय है ?

(क) समाज के विकास में योगदान देने वाला सक्रिय नागरिक

(ख) कल-कारखानों में काम करने वाला मेहनती श्रमिक

(ग) खेत-खलिहानों में काम करने वाला परिश्रमी किसान

(घ) देश के विकास में योगदान देने वाला चिंतनशील वैज्ञानिक

(3) निम्नलिखित कथन और कारण को ध्यानपूर्वक पढ़कर दिए गए विकल्पों से सही उत्तर चुनकर लिखिए-

कथन: उत्तम स्वास्थ्य व्यक्ति के व्यक्तिगत एवं सामाजिक जीवन के लिए आवश्यक है।

कारण : मन की जागरूकता और शरीर की क्रियाशीलता स्वास्थ्य के लिए अनिवार्य है।

(क) कथन सही है, लेकिन कारण, कथन की गलत व्याख्या करता है।

(ख) कथन और कारण दोनों सही हैं।

(ग) कथन गलत है, लेकिन कारण सही है।

(घ) कथन और कारण दोनों गलत हैं।

(4) स्वास्थ्य पर प्रभाव डालने वाले नकारात्मक कारकों का उल्लेख कीजिए।(2)

(5) स्वास्थ्य किसे कहते हैं ? शरीर को स्वस्थ कैसे रखा जा सकता है ? (2)

**प्रश्न 2. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर उस पर आधारित पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए- (7)**

क्रोध दुःख के चेतन कारण के साक्षात्कार या अनुमान से उत्पन्न होता है। साक्षात्कार के समय दुःख और उसके कारण के संबंध का परिज्ञान आवश्यक है। तीन-चार महीने के बच्चे को कोई हाथ उठाकर मार दे, तो उसने हाथ उठाते तो देखा है पर उसकी पीड़ा और उस हाथ उठाने से क्या संबंध है, यह वह नहीं जानता है। अतः वह केवल रोकर अपना दुःख मात्र प्रकट कर देता है। दुःख के कारण की स्पष्ट धारणा के बिना क्रोध का उदय नहीं होता। दुःख के सज्ञान कारण पर प्रबल प्रभाव डालने में प्रवृत्त करवाने वाला मनोविकार होने के कारण क्रोध का आविर्भाव बहुत पहले देखा जाता है। शिशु अपनी माता की आकृति से परिचित हो जाने पर ज्यों ही यह जान जाता है कि दूध इसी से मिलता है, भूखा होने पर वह उसे देखते ही अपने रोने में कुछ क्रोध का आभास देने लगता है। सामाजिक जीवन में क्रोध की जरूरत बराबर पड़ती है। यदि क्रोध न हो तो मनुष्य दूसरों के द्वारा पहुँचाए जाने वाले बहुत से कष्टों की चिरनिवृत्ति का उपाय ही न कर सकेगा। समाज में निराशा और अत्याचार का बोलबाला बढ़ जाएगा। कोई मनुष्य किसी दुष्ट के नित्य दो-चार प्रहार सहता है। यदि उसमें क्रोध का विकास नहीं हुआ है तो वह केवल आह ऊह करेगा, जिसका उस दुष्ट पर कोई प्रभाव नहीं। उस दुष्ट के हृदय में विवेक, दया आदि उत्पन्न करने में बहुत समय लगेगा। संसार किसी को इतना समय ऐसे छोटे-छोटे कामों के लिए नहीं दे सकता।

(1) क्रोध की उत्पत्ति का क्या कारण है ?

(क) सामने वाले के हृदय में दया उत्पन्न करना

(ख) दुःख के चेतन कारण के साक्षात्कार का अनुमान

(ग) क्रोध को अपना जन्मसिद्ध अधिकार मानना

(घ) अपनी भावनाओं पर नियंत्रण न रख पाना

(2) माँ की गोद में जाते ही शिशु क्यों शांत हो जाता है ?

(क) माता शिशु की जननी है।

(ख) सुरक्षा का अनुभव करता है।

(ग) माँ की गोद में ममता का अनुभव करता है।

(घ) माँ की आकृति पहचान भूख शांत हो जाने की आशा है।

(3) निम्नलिखित कथन और कारण को ध्यानपूर्वक पढ़कर दिए गए विकल्पों से सही उत्तर चुनकर लिखिए-

कथन: क्रोध की आह ऊह का वुष्ट पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता।

कारण : दुष्ट के हृदय में विवेक, दया आदि उत्पन्न करने में बहुत समय लगेगा।

(क) कथन सही है, लेकिन कारण, कथन की गलत व्याख्या करता है।

(ख) कथन और कारण दोनों गलत हैं।

(ग) कथन सही है और कारण, कथन की सही व्याख्या करता है।

(घ) कथन गलत है, लेकिन कारण सही है।

(4) गद्यांश का लेखक सामाजिक जीवन में क्रोध का समर्थन करता है, क्यों ? (2)
(5) गद्यांश के आधार पर क्रोध की व्याख्या कीजिए। (2)

## खंड 'ख'
## (व्यावहारिक व्याकरण)

प्रश्न 3. 'पदबंध' पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए-(4x1=4)
(क) 'बचपन में हरिहर काका मुझे सुबह से शाम तक घुमाया करते थे।' वाक्य में से क्रियाविशेषण (अव्यय) पदबंध चुनकर लिखिए।
(ख) किसी वाक्य में विशेषण पदबंध की पहचान कैसे की जा सकती है ?
(ग) 'गाँव के मध्य बरगद का पुराना वृक्ष स्थित है।' इस वाक्य में रेखांकित भाग किस पदबंध का उदाहरण है और क्यों ? स्पष्ट कीजिए।
(घ) 'बाहर से आए छात्रों में से कुछ देशाटन के लिए गए हैं।' वाक्य में रेखांकित पदबंध का भेद लिखिए।
(ङ) 'अवकाश के दिनों में एक-डेढ़ महीना खूब खेला-कूदा करते थे।' वाक्य में रेखांकित पदबंध का भेद लिखिए।

प्रश्न 4. 'रचना के आधार पर वाक्य रूपांतरण' पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए- (4x1=4)
(क) मिश्र वाक्य को संयुक्त वाक्य में कैसे रूपांतरित किया जाता है ? उदाहरण सहित लिखिए।
(ख) 'सआदत अली हमारा दोस्त है और बहुत ऐश पसंद आदमी है।' कीजिए। सरल वाक्य में रूपांतरित कीजिए।
(ग) 'नेचर की सहनशक्ति की भी एक सीमा होती है।' इसे मिश्र वाक्य में रूपांतरित
(घ) 'नूह उनकी बात सुनकर दुखी हो मुद्दत तक रोते रहे।' इसे संयुक्त वाक्य में रूपांतरित कीजिए।
(ङ) 'बाइबिल और दूसरे पावन ग्रंथों में नूह नाम के एक पैगंबर का जिक्र मिलता है।' रचना की दृष्टि से वाक्य का भेद लिखिए।

प्रश्न 5. 'समास' पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए-(4x1=4)
(क) द्वंद्व समास की विशेषता बताते हुए एक उदाहरण दीजिए।
(ख) तुलसी द्वारा कृत (रचित) रामचरितमानस प्रसिद्ध ग्रंथ है। रेखांकित पदों की जगह उपयुक्त समस्तपद प्रयुक्त कीजिए तथा समास का नाम भी लिखिए।
(ग) 'कृष्णमृग' समस्तपद का विग्रह करते हुए समास का नाम भी लिखिए।
(घ) 'दशानन' समस्तपद समास के किस भेद का उदाहरण है ?
(ङ) 'पीतांबर' समस्तपद का विग्रह कर्मधारय और बहुव्रीहि समास दोनों रूपों में कीजिए।

प्रश्न 6. 'मुहावरे' पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए- (4×1=4)
(क) 'जिस व्यक्ति को विरह रूपी सर्प डस लेता है उस पर कोई मंत्र नहीं लगता।' पंक्ति से मुहावरा चुनकर वाक्य में प्रयोग कीजिए।
(ख) 'जरा भी अच्छा न लगना' (न सुहाना) अर्थ को व्यक्त करने वाला उपयुक्त मुहावरा लिखिए।
(ग) 'जिगर के टुकड़े-टुकड़े होना' मुहावरे का वाक्य में इस प्रकार प्रयोग कीजिए कि उसका अर्थ स्पष्ट हो जाए।
(घ) 'जब से प्रतियोगी परीक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त किया है, अक्षय के---------- पड़ रहे।' उपयुक्त मुहावरे द्वारा रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए।
(ङ) 'तिल का ताड़ बनाना' मुहावरे के अर्थ को व्यक्त करने वाला कोई अन्य मुहावरा लिखिए।

## खंड 'ग'
## (पाठ्यपुस्तक एवं पूरक पाठ्यपुस्तक)

प्रश्न 7. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सर्वाधिक उचित उत्तर विकल्प से चुनकर लिखिए- (5x1=5)

इतिहास में रावण का हाल तो पढ़ा ही होगा। उसके चरित्र से तुमने कौन-सा उपदेश लिया ? या यों ही पढ़ गए ? महज इम्तिहान पास कर लेना कोई चीज नहीं, असल चीज है बुद्धि का विकास। जो कुछ पढ़ो, उसका अभिप्राय समझो। रावण भूमंडल का स्वामी था। ऐसे राजाओं को चक्रवर्ती कहते हैं। आजकल अंग्रेजों के राज्य का विस्तार बहुत बढ़ा हुआ है, पर इन्हें चक्रवर्ती नहीं कह सकते। संसार में अनेक राष्ट्र अंग्रेजों का आधिपत्य स्वीकार नहीं करते, बिलकुल स्वाधीन हैं। रावण चक्रवर्ती राजा था, संसार के सभी महीप उसे कर देते थे। बड़े-बड़े देवता उसकी गुलामी करते थे। आग और पानी के देवता भी उसके दास थे, मगर उसका अंत क्या हुआ ? घमंड ने उसका नाम निशान तक मिटा दिया, कोई उसे एक चुल्लू भर पानी देने वाला भी न बचा। आदमी और जो कुकर्म चाहे करे, पर अभिमान न करे, इतराए नहीं। अभिमान किया और दीन-दुनिया दोनों से गया।

(1) गद्यांश में रावण का उदाहरण किस उद्देश्य से दिया गया है ?
(क) छोटे भाई को अभिमान के दुष्परिणामों से अवगत कराने के लिए
(ख) रावण के दुखदायी और एकाकी अंत से परिचित कराने के लिए
(ग) रावण को अंग्रेजों से भी अधिक शक्तिशाली बताने के लिए
(घ) रावण के शक्तिशाली साम्राज्य से परिचित कराने के लिए

(2) रावण को चक्रवर्ती सम्राट कहे जाने का प्रमुख कारण है-
(क) बड़े-बड़े देवताओं को अपने नियंत्रण में रखना
(ख) संपूर्ण संसार पर अपना आधिपत्य स्थापित करना
(ग) राजा-महाराजाओं से मनमाना कर वसूल करना
(घ) अपने राज्य का विस्तार दूर तक करना

(3) निम्नलिखित कथन और कारण को ध्यानपूर्वक पढ़कर दिए गए विकल्पों से सही उत्तर चुनकर लिखिए-
कथन : इम्तिहान पास कर लेना कोई चीज़ नहीं, असल चीज है बुद्धि का विकास।
कारण : वास्तविक ज्ञान बौद्धिक ज्ञान है जो जीवन को सार्थक बनाता है।
(क) कथन और कारण दोनों गलत हैं।
(ख) कथन और कारण दोनों सही हैं और कारण, कथन की सही व्याख्या करता है।
(ग) कथन गलत है. लेकिन कारण सही है।
(घ) कथन सही है, लेकिन कारण, कथन की गलत व्याख्या करता है।

(4) कॉलम । को कॉलम-II से सुमेलित कीजिए और सही विकल्प का चयन कीजिए-

| कॉलम-1 | कॉलम-II |
|---|---|
| 1. नाम-निशान मिटा देना<br>2. एक चुल्लू भर पानी न देना<br>3. दीन-दुनिया से जाना | I.कहीं का नहीं रहना<br>II.अस्तित्व समाप्त करना<br>III. थोड़ी भी सहायता न करना |

(क) 1-III, 2-II, 3-I
(ख) 1-I, 2-II. 3-III
(ग) 1-II, 2-III, 3-I
(घ) 1-II, 2-I, 3-III
(5) गद्यांश के मूल भाव को व्यक्त करने वाला/वाले कथन है/हैं-
I. व्यक्ति को घमंड नहीं करना चाहिए।
II. शिक्षा प्राप्ति का उद्देश्य ज्ञान के साथ बौद्धिक विकास है।
III. देवताओं का अनादर नहीं करना चाहिए।
IV. किताबें पढ़कर ही शिक्षा प्राप्त की जा सकती है।
(क) केवल IV
(ख) केवल II
(ग) I और II दोनों
(घ) I और IV दोनों
प्रश्न 8. निर्धारित गद्य पाठों के आधार पर निम्नलिखित चार प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लगभग 25-30 शब्दों में लिखिए- (3×2=6)
(क) 'एक संगठित समाज कृत संकल्प हो तो कुछ भी कर सकता है।' 'डायरी का एक पन्ना' पाठ के आधार पर इस कथन को सिद्ध कीजिए।
(ख) अंडमान निकोबार द्वीपसमूह की भौगोलिक स्थिति स्पष्ट करते हुए, इसमें आए परिवर्तन का उल्लेख 'तताँरा-वामीरो कथा' पाठ के आधार पर कीजिए।
(ग) तीसरी कसम फिल्म में राजकपूर अभिनय नहीं करता। वह हीरामन के साथ एकाकार हो गया है। 'तीसरी कसम के शिल्पकार शैलेंद्र' पाठ के संदर्भ में कथन का आशय स्पष्ट कीजिए।
(घ) 'अब कहाँ दूसरे के दुख से दुखी होने वाले' पाठ के आधार पर नूह के मुद्दत तक रोते रहने का कारण स्पष्ट कीजिए। इससे उनके चरित्र की किस विशेषता का पता चलता है ?

प्रश्न 9. निम्नलिखित पठित काव्यांश पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए-(5x1=5)
पावस ऋतु थी, पर्वत प्रदेश.
पल-पल परिवर्तित प्रकृति-वेश।
मेखलाकार पर्वत अपार
अपने सहस्र दृग-सुमन फाड़,
अवलोक रहा है बार-बार
नीचे जल में निज महाकार,
जिसके चरणों में पला ताल
दर्पण-सा फैला है विशाल !
(1) 'पल-पल परिवर्तित प्रकृति-वेश' पंक्ति का अभिप्राय है-
(क) प्रकृति अपनी वेशभूषा बार-बार बदल रही है
(ख) पर्वतों पर बादल बार-बार रूप बदल रहे हैं
(ग) प्रकृति का रूप सौंदर्य पल-पल नए रूप धारण कर रहा है
(घ) बादल बार-बार प्रकृति को नया रूप प्रदान कर रहे हैं
(2) पर्वतों की आँखें किसे कहा गया है ?
(क) दर्पण को
(ख) ताल को
(ग) पुष्पों को

(घ) मेखला को
(3) तालाब की समानता दर्पण से किस आधार पर की गई है ?
(क) रूपाकार
(ख) चमक
(ग) पारदर्शिता
(घ) स्वच्छता
(4) पर्वत ताल में क्या देख रहा है ?
(क) आकाश का प्रतिबिंब
(ख) रंग-बिरंगे पुष्प
(ग) अपना विशाल आकार
(घ) बादलों का सौंदर्य
(5) प्रस्तुत काव्यांश में कवि ने किसका वर्णन किया है ?
(क) वर्षा ऋतु में पर्वतीय प्रदेश की अलौकिक सुषमा
(ख) वर्षा ऋतु में रंग-बिरंगे पुष्पों की सुंदरता
(ग) पर्वतीय प्रदेशों में पाई जाने वाली वनस्पति
(घ) पर्वतों की तलहटी में पलने वाले तालाब

प्रश्न 10. निर्धारित कविताओं के आधार पर निम्नलिखित चार प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लगभग 25-30 शब्दों में लिखिए- (3×2=6)

(क) साधारणतः निंदक किसी को पसंद नहीं होते फिर भी कबीरदासजी ने निंदकों को अपने पास रखने की सलाह क्यों दी है ?
(ख) कृष्ण की लीलाओं एवं महिमा वर्णन के पीछे मीराबाई का क्या उद्देश्य था ?
(ग) तोप और चिड़िया की प्रतीकात्मकता स्पष्ट करते हुए 'तोप' कविता का संदेश स्पष्ट कीजिए।

(घ) 'खूँ से जमीं पर लकीर खींचने' का आशय क्या है ? 'कर चले हम फिदा' कविता के संदर्भ में स्पष्ट कीजिए।

प्रश्न 11. पूरक पाठ्यपुस्तक 'संचयन' के निर्धारित पाठों पर आधारित निम्नलिखित तीन प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 40-50 शब्दों में लिखिए- (2×3=6)

(क) 'हरिहर काका' पाठ में हरिहर काका की तुलना मझधार में फैसी नाव पर सवार लोगों से किस आधार पर की गई है ? स्पष्ट कीजिए।

(ख) 'सपनों के-से दिन' पाठ में अंग्रेजों द्वारा गाँव के नवयुवकों को फौज में भर्ती करने के लिए नौटंकी द्वारा उन्हें आकर्षित करने का उल्लेख किया गया है। वर्तमान समय में प्रचार-प्रसार के तरीकों में क्या परिवर्तन आया है ?
(ग) 'टोपी शुक्ला' पाठ में टोपी के लगातार दो बार फेल हो जाने के जो कारण दिए गए हैं, क्या आप उनसे सहमत हैं ? सहमति या असहमति दोनों स्थितियों में अपने विचार व्यक्त कीजिए।

## खंड 'घ'
## (रचनात्मक लेखन)

प्रश्न 12. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर दिए गए संकेत-बिंदुओं के आधार पर लगभग 120 शब्दों में एक अनुच्छेव लिखिए- (5)

(1) पर सेवा का सुख
- पर सेवा से अभिप्राय
- पर सेवा से प्राप्त अनुभव
- मानव जीवन की कृतार्थता

(2) धरती का बढ़ता तापमान
- तापमान बढ़ोतरी का कारण
- बढ़ोतरी से उत्पन्न समस्याएँ
- बढ़ते तापमान का समाधान

प्रश्न 13. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 100 शब्दों में एक औपचारिक पत्र लिखिए- (5)

(क) अपने विद्यालय में आयोजित होने वाले खेल दिवस समारोह में किसी विशिष्ट खेल में सम्मानित व्यक्ति को मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित करते हुए प्रधानाचार्य की ओर से एक पत्र लिखिए

अथवा

(ख) आपका नाम शोभित/शोभना है। भीषण गर्मी के कारण वैश्विक स्तर पर जंगलों में लगने वाली आग पर चिंता और उसके समाधानों पर विचार व्यक्त करते हुए किसी प्रतिष्ठित दैनिक हिंदी समाचारपत्र के संपादक को पत्र लिखिए।

प्रश्न 14. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 60 शब्दों में सूचना लिखिए-(4)

(क) आप दिव्य/दिव्या हैं। आप अपनी आवासीय समिति के कल्याण सचिव हैं। अपनी सोसायटी में आयोजित होने वाले सात दिवसीय योग शिविर की जानकारी देते हुए एक सूचना लिखिए।

अथवा

(ख) आप विद्यालय के विद्यार्थी परिषद् के सचिव दिव्य/दिव्या हैं। आर्थिक दृष्टि से कमजोर विद्यार्थियों की सहायता हेतु विद्यालय के पुस्तकालय में बुक बैंक की स्थापना की गई है। इस विषय में सभी विद्यार्थियों को इसकी जानकारी देने हेतु एक सूचना तैयार कीजिए।

प्रश्न 15. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 40 शब्दों में आकर्षक विज्ञापन तैयार कीजिए - (3)

(क) सोलर पैनल वाली कंपनी 'ऊर्जा' की ओर से अपने उत्पाद की जानकारी देने और बिक्री बढ़ाने हेतु एक आकर्षक विज्ञापन तैयार कीजिए।

अथवा

(ख) प्रदेश सरकार की ओर से दसवीं और बारहवीं कक्षा के मेधावी छात्रों को पुरस्कृत किए जाने की जानकारी देते हुए आकर्षक विज्ञापन तैयार कीजिए।

प्रश्न 16. (क) आप भैरव / भैरवी हैं। अपने क्षेत्र में पार्क का निर्माण करवाने हेतु उद्यान विभाग के सचिव को लगभग 80 शब्दों में एक ई-मेल लिखिए।

(5)

अथवा

(ख) "रविवार का दिन था। माँ रसोई में खाना बना रही थी तभी दरवाजे पर दस्तक हुई।" पंक्ति को आधार बनाकर लगभग 100 शब्दों में एक लघुकथा लिखिए।